संख्या-45/2021/981/30-3-21-20बी/2013

प्रेषक,

मदन मोहन,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

परिवहन अनुभाग-3 **लखनऊ दिनॉक 30 मार्च, 2021**

विषय- सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय-उन्नाव एवं कन्नौज में निर्माणाधीन व्यावसायिक वाहनों की स्वस्थता जांच हेतु निरीक्षण कक्ष में फिटनेस पिट के निर्माण हेतु पुनरीक्षित आगणन के सापेक्ष प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1189स0सु0/2020-15नजारत/2013, दिनांक 18-08-2020, अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0 के पत्र संख्या-217स0सु0/2020-15नजारत/2013, दिनांक 27-01-2021 एवं पत्र संख्या-48स0सु0/2021-15नजारत/2013, दिनांक 18-03-2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय-उन्नाव एवं कन्नौज में निर्माणाधीन व्यावसायिक वाहनों की स्वस्थता जांच हेतु फिटनेस पिट के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा मानकीकृत नक्शा तथा लागत के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या-2057/30-3-2013-20बी/2013, दिनॉक 03-09-2013 के क्रम में एवं वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनॉक 26-08-2014 में निहित निर्देशानुसार कार्यदायी संस्था- यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 (पूर्ववर्ती नाम-उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0) द्वारा उपलब्ध कराये गये पुनरीक्षित आगणन की प्रशासकीय एवं उसके अन्तर की कुल धनराशि रू0 5.74 लाख (रू0 पांच लाख चौहत्तर हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न तालिका के क्रमाक-5 एवं 6 पर अंकित विवरण के अनुसार प्रदान करते हुए उक्त धनराशि अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नांकित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य/कार्यदायी संस्था का नाम	स्वीकृत धनराशि	पुनरीक्षित धनराशि	कार्य पूर्ण करने हेतु पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष अन्तर की अनुमोदित की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	कन्नौज	निरीक्षण कक्ष एवं फिटनेस पिट का निर्माण/ यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 (पूर्ववर्ती नाम-उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)	13.83	18.50	4.67
2	उन्नाव	निरीक्षण कक्ष एवं फिटनेस पिट का निर्माण/ यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 (पूर्ववर्ती नाम-उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)	13.83	14.90	1.07

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत स्वीकृति जिन कार्य/मद के लिए है, उसकी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जाएगा।

(3) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यलय-ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च, 2020 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, इसे भी प्रशासकीय विभाग अपने स्तर से सुनिश्चित कर लेंगे।

(5) योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(6) धनराशि का आहरण राजकोष से तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही किया जाएगा और धनराशि आहरित करके अनावश्यक रूप से धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं जायेगी।

(7) निर्माण के समय कार्य की विशिष्टियॉ, मानक व गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व विभागाध्यक्ष का होगा।

(8) निरीक्षण कक्ष एवं फिटनेस पिट के मानकीकरण एवं लागत सम्बन्धी शासनादेश संख्या-2057/30-3-13-20बी/2013, दिनॉक 03-09-2013 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत पूंजीगत पक्ष के लेखाशीर्ष "5055-सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-05-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष से व्यय-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

संख्या-45/2021/981(1)/तीस-3-2021, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
5- सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी- उन्नाव एवं कन्नौज।
6- नियोजन अनुभाग-4
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
8- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ ।
9- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था- यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 (पूर्ववर्ती नाम-उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लि0)
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(रेनू वर्मा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in